एस.एम.एस. लखनऊ की फ्रेशर पार्टी में सिंगिग संसेशन आदित्य रिखाड़ी ने बांधा समा

एस.एम.एस. लखनऊ की फ्रेशर पार्टी में सिंगिग संसेशन आदित्य रिखाड़ी ने बांधा समा

लखनऊ | 30 नवम्बर 2023

स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस, लखनऊ द्वारा नये सत्र 2023-24 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु वार्षिक कार्यक्रम ‘‘आगमन-2023’’ में सिंगिंग स्टार आदित्य रिखाड़ी ने लाईव कान्सर्ट में प्रस्तुति देते हुए संगीत का समां बांध दिया। कार्यक्रम में आदित्य ने अपने सुप्रसिद्ध गाना फासले, इश्क है, क्या करें, तिनका एवं समझो न गाकर छात्रों को मन्त्रमुग्ध एवं थिरकने पर मजबूर किया। कार्यक्रम में छात्रों सहित लगभग 5 हजार दर्शक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 11ः00 बजे संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव श्री शरद सिंह द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र एवं छात्राओं ने सोलो एवं ग्रुप डांस, सिंगिग, रैम्पवॉक आदि रंगारंग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक छात्र-छात्राओं का परिचय एवं उनकी कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता हो सके जिससे सभी छात्र आपसी सामंजस्य से शिक्षा एवं कैरियर में उच्च कीर्तिमान स्थापित करें। इस मौके पर संस्थान के निदेशक इंचार्ज प्रो0 (डॉ0) आशीष भटनागर, महानिदेशक (तकनीकी) प्रो0(डॉ0) भरतराज सिंह, निदेशक (प्रशासन) डॉ0 जगदीश सिंह, एसोसियेट डायरेक्टर डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, रजिस्ट्रार श्री एस0एन0 शुक्ला, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण, अधिष्ठाता इंजीनियरिंग, सभी शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मिस्टर एवं मिस फ्रेशर का ट्राफी एवं क्राउन क्रमशः बी.टेक. कम्प्यूटर साईंस के श्री राम श्रीवास्तव एवं डिप्लोमा कम्प्व्यूटर साईंस की मिस मेधा को दिया गया। दोनों ही विजेताओं को इवेन्ट सहयोगी लूलूमॉल की तरफ से गिफ्ट हैम्पर भी दिया गया।

कार्यक्रम के वेलबीईंग पार्टनर इनरसोल से श्री गौरव श्रीवास्तव जी भी उपस्थित रहे, उन्होंने बताया कि उनकी संस्था मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक स्वास्थ पर काम करते हैं, उन्होंने इस कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण कैम्पेन ‘‘तीन सेकेण्ड रूको’’ की शुरूआत भी करी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 पी0के0 सिंह एवं श्री असद करीम उस्मानी ने समस्त टीम के सभी छात्रों एवं सभी सहयोगी पार्टनर संस्थाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

https://ghoomtaaina.in/singing-star-aditya-rikhari-performed-in-live-concert-in-the-annual-program-aagman-2023-organized-by-school-of-management-sciences-lucknow-to-welcome-the-students-taking-admission-i/